कोटद्वार, रविवार
25 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 244 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### छह साल के लिए गर्भगृह से विराजमान हुई मां ज्वाल्पा

नई टिहरी। गोनगढ़ पट्टी के गोना गांव में मां ज्वाल्पा देवी का 11 दिवसीय अर्द्धकुंभ मेला विधि–विधान के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर मां ज्वाल्पा देवी की विशेष पूजा–अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां ज्वाल्पा देवी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। स्थानीय लोगों ने जयकारे के साथ मां ज्वाल्पा देवी की डोली को छह साल के लिए गर्भगृह में विराजमान किया। गोना गांव में मां ज्वाल्पा देवी का प्राचीन मंदिर स्थित है। लोक मान्यता के अनुसार मां ज्वाल्पा देवी की डोली प्रत्येक छह वर्ष में एक बार गर्भगृह से बाहर निकलकर यात्रा पर जाती है। जिसे क्षेत्र में अर्द्धकुंभ मेले के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष मां ज्वल्पा देवी की डोली 13 जनवरी को गर्भगृह से बाहर आई थी। मकर सत्रांति से वसंत पंचमी तक क्षेत्र में अर्द्धकुंभ मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों क आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार मां की डोली ने भट्टगांव, लोदस, कोट गांव, बनोली, चौठार, डमकोट, क्यारदा, पौनाड़ा गांव का भ्रमण किया। वंसत पंचमी पर गोना गांव में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। हवन यज्ञ प्रसाद वितरण के बाद मां ज्वाल्पा देवी की डोली अगले छह वर्षों के लिए अपने गर्भगृह में विराजमान हो गई।

### बर्फबारी के बाद पर्यटकों से गुलजार हुआ दयारा बुग्याल

उत्तरकाशी। जनपद में हुई बर्फबारी के दूसरे दिन दयारा बुग्याल ट्रैक पर्यटकों से गुलजार रहा। शनिवार को प्रशासन की ओर से दयारा बुग्याल में आवाजाही शुरू करने पर वीकेंड पर रैथल बार्सू पहुंचे पर्यटकों ने बुग्याल के ट्रैक पर बर्फ का जमकर लुत्फ उठाया। इसके साथ ही करीब दो से तीन फीट बर्फ के बीच ट्रैकिंग के रोमांच का अनुभव लिया। गढ़वाल माउंटेनरिंग व ट्रैकिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज रावत ने बताया कि बसंत पंचमी के साथ ही वीकेंड के मौके पर देश के विभिन्न प्रदेशों से पर्यटक जनपद में पहुंचे। बीते शुक्रवार को बर्फबारी के कारण सभी ट्रैक का भी बंद रखा गया था। इसके बीच सबसे अधिक ट्रैकर्स दयारा बुग्याल के दीदार के लिए पहुंचे। शनिवार को दयारा बुग्याल ट्रैक खुलने पर अच्छी संख्या में पर्यटकों ने दयारा बुग्याल का रूख किया। हालांकि अधिक बर्फबारी के कारण पर्यटक दयारा बुग्याल के बेस कैंप गोई नामे तोक से आगे नहीं बढ़ पाए लेकिन पर्यटकों ने रैथल से गोई तक करीब एक से तीन फीट बर्फ के बीच ट्रैकिंग का रोमांच का अनुभव लिया। रावत ने बताया कि बर्फबारी के बाद विभिन्न प्रदेशों से पर्यटक जानकारी ले रहे हैं। शुक्रवार को जनपद मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रों में भी अच्छी बर्फबारी हुई है। इसलिए जो पर्यटक ट्रैक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में नहीं जा सकते। वह लोग जनपद से करीब 10 से 15 किमी की दूरी पर बर्फ का लुत्फ उठा सकते हैं।

### 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

देहरादून। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रशासन की ओर से समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने शनिवार को विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। सीडीओ ने बताया कि परेड ग्राउंड में प्रवेश की अलग अलग व्यवस्थाएं की गई है। गेट संख्या–1 से मुख्य मंच, गंगा एवं अलकनंदा ब्लॉक के पास धारकों का प्रवेश होगा। गेट संख्या–2 से भागीरथी ब्लॉक के पास धारकों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। गेट संख्या–3 से परेड दल एवं झांकियों का प्रवेश होगा। गेट संख्या–4 में आसन, टौंस एवं यमुना ब्लॉक के पासधारकों एवं दर्शकों के लिए प्रवेश की व्यवस्था की गई है। गंगा ब्लॉक को विधायक, दायित्वधारी एवं उनके परिवारजनों के लिए आरक्षित किया गया है। अलकनंदा ब्लॉक न्यायमूर्ति, न्यायिक अधिकारी, आयोग अध्यक्ष, अधिकारी एवं उनके परिजनों के लिए आरक्षित रहेगा। भागीरथी ब्लॉक में सैन्य अधिकारी एवं उनके परिवारजन बैठेंगे। यमुना ब्लॉक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी एवं उनके परिजनों के लिए व्यवस्था की गई है। टौंस ब्लॉक प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए तथा आसन ब्लॉक अन्य अतिथियों के लिए आरक्षित रहेगा।

# वर्दी घोटाले में सीएम धामी ने दिए डीआईजी के निलंबन के आदेश

### होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़ा घोटाला



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महानिदेश-क की संस्तुति पर मुख्यमंत्री ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### गणतंत्र दिवस से पहले पंजाब में रेलवे लाइन पर बड़ा धमाका, मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त

सरहिंद ,गणतंत्र दिवस से 48 घंटे पहले फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद क्षेत्र में रेलवे लाइन पर देर रात एक बड़ा धमाका हुआ है। इसमें एक मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसके चालक को चोटें आई हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार इस धमाके में ऋष्ठङ्ग का उपयोग किया गया माना जा रहा है। घटना रात लगभग 11 बजे की है, जब एक मालगाड़ी फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन से गुजर रही थी।

यह नई रेलवे लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के संचालन के लिए बनाई गई है। जैसे ही मालगाड़ी का इंजन खानपुर फाटकों के पास पहुंचा, अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के प्रभाव से रेलवे लाइन का लगभग 12 फीट हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह उड़कर अलग हो गया। इस धमाके में मालगाड़ी के इंजन चालक को चोटें आई हैं। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई और रेलवे अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस तथा रेलवे प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा-मुख्यमंत्री



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी प्रशासनिक निर्णयों के परिणामस्वरूप नैनीताल जनपद की बहुप्रतीक्षित कैंचीधाम बाईपास (सैनिटोरियमझ्ररातीघाट) परियोजना तेजी से अपने निर्णायक चरण की ओर अग्रसर है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने नैनीताल भ्रमण के दौरान इस महत्वपूर्ण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी यात्रा एवं पर्यटन सीजन से पूर्व बाईपास मार्ग को पूर्ण कर यातायात के लिए खोलना सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध कैंचीधाम मंदिर में देश–विदेश से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन होता है। श्रद्धालुओं को सुचारु, सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से कैंचीधाम बाईपास का निर्माण तेज़ी से कराया जा रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोहर सिंह धर्मशक्तू ने अवगत कराया कि 18.15 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित बाईपास मार्ग में से 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर हॉटमिक्स किया जा चुका है, जिसके लिए 12 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रभावी उपयोग किया गया है। शेष 10.15 किलोमीटर मार्ग में पहाड़ कटिंग कार्य हेतु प्राप्त 5 करोड़ 6 लाख रुपये की धनराशि से कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में इस खंड में 9 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से कलमठ निर्माण, सुरक्षा दीवारों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ प्रगति पर हैं। परियोजना के अंतर्गत बाईपास को रातीघाट स्थित अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने हेतु 74.15 मीटर स्पान का मोटर पुल भी निर्मित किया जा रहा है। इसके लिए शासन से 9 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बाईपास के पूर्ण होने से न केवल कैंचीधाम में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, बल्कि पहाड़ी जनपदों की ओर जाने वाले यात्रियों को भी एक वैकल्पिक, सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। यह परियोजना पर्यटन, धार्मिक यात्रा और स्थानीय आवागमन–तीनों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री धामी ने 9 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से निर्मित सैनिटोरियम से अल्मोड़ा मार्ग तक भवाली बाईपास सड़क एवं इसी मार्ग पर शिप्रा नदी पर निर्मित 30 मीटर स्पान के डबल लेन मोटर पुल का भी निरीक्षण किया।

## बर्फ देखने पौड़ी पहुंचे पर्यटक, मौसम का लिया आनंद





**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में हुई बर्फबारी के बाद मौसम ने करवट ले ली है। शनिवार सुबह से धूप खिलने के साथ ही आसमान साफ हो गया, जिससे लोगों ने ठंड से कुछ राहत महसूस की। बर्फ देखने और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए श्रीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक पौड़ी पहुंचे। पर्यटकों ने बर्फ के बीच फोटो खिंचवाए और मौसम का जमकर आनंद लिया, जिससे स्थानीय बाजारों में भी रौनक देखने को मिली।

बीते शाम हुई बर्फबारी के कारण जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं अब धूप निकलने से जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य होता नजर आ रहा है। धूप खिलते ही स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और पहाड़ों पर जमी बर्फ के बीच सुहावने मौसम का आनंद लिया। बर्फ से ढकी पहाड़ियों और प्राकृतिक नजारों ने पूरे क्षेत्र को मनमोहक बना दिया। वहीं, बर्फबारी के बाद जिले में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ गई है। इस दौरान टेका रोड, गंगोटी, अदवाणी, कल्जीखाल, बुआखाल, मांडाखाल, खिर्सू समेत अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमी बर्फ को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ नजर आई। वहीं, बर्फबारी के कारण कई मोटर मार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ था। स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीनों के माध्यम से सड़कों पर जमी बर्फ हटाने का कार्य किया गया।

### बर्फबारी का आनंद उठाने लैंसडौन पहुंचे पर्यटक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : धुमाकोट, ताड़केश्वर समेत कई जगहों पर बर्फबारी होने के दूसरे दिन शनिवार को मौसम सामान्य रहा। लैंसडौन व आसपास के क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का आनंद उठाने और वीकेंड मनाने के लिए आए पर्यटकों से लैंसडौन व आसपास का क्षेत्र गुलजार रहा। दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, मेरठ, सोनीपत, जयपुर आदि जगहों से पहुंचे पर्यटकों से लैंसडौन व आसपास के लगभग 80 प्रतिशत होटल, रिजॉर्ट्स, होम स्टे फुल रहे। तीन दिन का वीकेंड होने के कारण पर्यटक यहां पहुंचे थे।बर्फबारी के कारण एनएच 121 काशीपुर-बुआखाल मोटर मार्ग दूसरे दिन भी चौरीखाल में बंद रहा। वहीं, शुक्रवार रात बैजरो-जोगीमढ़ी मोटर मार्ग पर बरात के वाहन फंस गए थे, जिन्हें राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी की सहायता से फंसे वाहन निकलवाकर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया। धुमाकोट के थानाध्यक्ष सुनील पंवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक यात्री को बर्फबारी व बारिश के दौरान दीवाडांडा के पास से गाड़ी में बैठाकर उसके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। शनिवार को मौसम सामान्य होने से स्थानीय लोग ऊंचाई वाले स्थानों जोगीमढ़ी, उफरैंखाल, वेदीखाल, दीबाडांडा, नागचुलाखाल आदि में बर्फ का नजारा देखने के लिए उमड़ पड़े।

### रानीखेत में डंपर की चपेट में आकर युवा व्यापारी की मौत, चालक फरार

अल्मोड़ा। रानीखेत में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में युवा व्यापारी की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में शोक के साथ आक्रोश भी देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार जरूरी बाजार निवासी लव साह (30) पुत्र भारत साह शुक्रवार देर रात भोजन करने के बाद सदर बाजार की ओर निकले थे। बताया जा रहा है कि उनके दोस्तों का फोन आया था और वे उनसे मिलने के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान गांधी चौक की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग उन्हें तुरंत उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। कोतवाल अशोक धनकड़ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में डंपर बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति का बताया जा रहा है।

### ऑपरेशन मेगाबुरू : सुरक्षाबलों ने तोड़ी माओवादियों की कमर

# एक करोड़ के इनामी अनल समेत 17 हार्डकोर ढेर, 45 अब भी घेरे में



रांची ,माओवादियों के गढ़ सारंडा में दो दिनों तक चले ऑपरेशन मेगाबुरू ने उग्रवादियों की रीढ़ तोड़ दी है। सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर, कोबरा बटालियन और जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक करोड़ रुपये के इनामी अनल समेत 17 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। इस बड़ी सफलता से सुरक्षा बलों का मनोबल काफी ऊंचा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने मार्च 2026 तक झारखंड से माओवादियों के पूर्ण सफाए के लक्ष्य के साथ अभियान को और तेज कर दिया है।

इस अभियान का नेतृत्व सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह, झारखंड पुलिस के आईजी (अभियान) डॉ. माइकल राज एस., झारखंड जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे और डीआईजी इंद्रजीत महथा कर रहे हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो और स्पेशल ब्रांच (एसआईबी) से मिली जानकारी के अनुसार, बचे हुए माओवादी पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा और किरीबुरू थाना क्षेत्र की सीमा में घिरे हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 45 बताई जा रही है।

इन माओवादियों का नेतृत्व पोलित ब्यूरो सदस्य और एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल उर्फ सागर कर रहा है। वह गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के मदनडीह गांव का रहने वाला है। मिसिर बेसरा के बाद संगठन में दूसरे नंबर पर सेंट्रल कमेटी सदस्य और एक करोड़ के इनामी असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर है।

**आईईडी का सुरक्षा घेरा**

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, घिरे हुए माओवादियों ने अपने चारों ओर आईईडी का सुरक्षा घेरा बना रखा है, ताकि घेरा कस रहे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया जा सके। सभी माओवादी एके–47, इंसास, एसएलआर और थ्री–नॉट–थ्री राइफलों से लैस हैं।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी, खुले आसमान में बैठने से लगी ठंड



प्रयागराज ,ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के स्वास्थ्य को लेकर चिंताजनक खबर सामने आई है। कड़ाके की ठंड में लगातार खुले स्थान पर बैठने के कारण उनकी तबीयत नासाज हो गई है। बताया जा रहा है कि शीतलहर और खुले आसमान के नीचे रहने के चलते ठंड ने उन पर असर डाला है, जिसके बाद वह बीमार पड़ गए हैं।

**चिकित्सीय देखरेख न मिलने से अनुयायियों में रोष**

हैरानी की बात यह है कि तबीयत बिगड़ने की सूचना के बावजूद अब तक किसी भी चिकित्सक या मेडिकल टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया है। इलाज में हो रही इस देरी को लेकर शंकराचार्य के अनुयायियों और समर्थकों में गहरा रोष देखने को मिल रहा है। समर्थकों का कहना है कि पूज्य शंकराचार्य की उम्र और मौसम की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सुविधाओं की आवश्यकता है। फिलहाल, उनके स्वास्थ्य को लेकर न तो कोई आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन जारी किया गया है और न ही प्रशासन की तरफ से कोई बयान आया है, जिससे उनकी स्थिति की गंभीरता स्पष्ट नहीं हो सकी है। अनुयायी लगातार प्रशासन से डॉक्टरों की टीम भेजकर जांच कराने की मांग कर रहे हैं।

**मेला प्रशासन के साथ चल रहा है विवाद**

गौरतलब है कि प्रयागराज में संगम की रेती पर चल रहे माघ मेले के दौरान शंकराचार्य और प्रशासन के बीच भारी तनाव बना हुआ है। मौनी अमावस्या पर हुए बवाल के बाद से ही यह मामला राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। मेला प्राधिकरण की ओर से अब तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को दो नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिनका जवाब उनकी ओर से दिया जा चुका है। बावजूद इसके, शंकराचार्य अपने रुख पर कायम हैं और पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने मेला प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा है कि हर नोटिस का जवाब दिया जाएगा। बीते दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर भी पलटवार किया था, जबकि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उनसे सहयोग की अपील की थी।

### तालाब किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

रुड़की। गोपालपुर गांव में शुक्रवार देररात उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर तालाब के पास एक पेड़ के नीचे युवक का शव पड़ा मिला। युवक सौरभ अपने मामा के यहां गोपालपुर आया हुआ था। परिजनों के अनुसार सहारनपुर के करेसनी गांव निवासी 25 वर्षीय सौरभ शुक्रवार सुबह अपने मामा के साथ काम पर गया था।

रात को वापस लौटने के बाद सभी ने साथ में खाना खाया और रोज की तरह सोने की तैयारी में जुट गए। देररात मामा के मोबाइल पर एक ग्रामीण का फोन आया। उसने तालाब के पास सौरभ का शव पड़े होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन–फानन में मौके पर पहुंचे, जहां शव देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

## पर्यटकों की भीड़ से ऋषिकेश में हांफा ट्रैफिक



ऋषिकेश। बर्फबारी के बाद पहाड़ों का रुख करने के लिए शनिवार को उमड़ी पर्यटकों की भीड़ से ऋषिकेश में ट्रैफिक बेपटरी हो गया। मुख्य से लेकर बाईपास मार्ग जाम में जकड़ उठा, जिसके चलते आवागमन में मुसाफिरों के साथ स्थानीय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। शनिवार सुबह से ही हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित इंद्रमणि बडोनी चौक पर पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ना शुरू हो गया था। दोपहर में भीड़ इतनी बढ़ी कि चौक पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। चौक से होते हुए गंगोत्री हाईवे से टिहरी का रुख करने वाले पर्यटक वाहनों के हुजूम में स्थानीय लोगों को फजीहत झेलनी पड़ी। कई बार हालात ऐसे भी बने कि लोगों को पैदल चलने के लिए भी चौक पर ठीक से जगह नहीं मिल पाई। वहीं, इसी तरह की स्थिति शहर के मुख्य मार्ग पर भी बनी रही। जयराम चौक से लेकर चंद्रभागा पुल तक मुनिकीरेती जाने वाले पर्यटक वाहनों की भीड़ से सुबह से लेकर शाम तक स्लो ट्रैफिक की समस्या बनी रही। शाम के समय बाजार में खरीदारी और गंगा दर्शन–पूजन के लिए यात्रियों के भी जुटने से घाट चौक पर जाम लग गया। संकरे चौक पर वाहनों के अत्याधिक दबाव में जाम से राहत के लिए पुलिसकर्मी जद्दोजहद भी करते दिखे, लेकिन वाहनों की अधिक भीड़भाड़ में वह भी बेबस नजर आए।

# विदेशों में छिपे 70 से अधिक भारतीय भगोड़ों पर सरकार का शिकंजा, लाए जाएंगे वापस



नई दिल्ली। भारत सरकार की ओर से विदेशों में छिपे भगोड़ों पर शिकंजा कसा जा रहा है। एक रिपोर्ट में पता चला है कि भारत द्वारा वांछित 70 से अधिक भगोड़ों का 2024–25 के दौरान विदेशों में पता लगाया गया है। इसी अवधि के दौरान भारत में अन्य देशों द्वारा वांछित 203 भगोड़ों का पता लगाया गया। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2024–25 में 71 भारत द्वारा वांछित/भगोड़ों का विदेशों में पता चला है। अधिकारियों का दावा है कि विदेशों में मिले ऐसे वांछित भगोड़ों की संख्या एक दशक से अधिक समय में सबसे अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में 27 भगोड़े/वांछित विदेशों से भारत लाए गए। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान विदेशों में 74 लेटर रोगेटरी (एलआर) भेजे गए। लेटर रोगेटरी विदेशों में अधिकारियों से की गई एक न्यायिक याचिका है, जिसमें भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच में सहयोग मांगा जाता है। सीबीआई समेत अन्य एजेंसियों ने पुष्टि की है कि उक्त अवधि के दौरान 47 कानूनी नोटिसों पर पूर्ण रूप से कार्रवाई की गई और 29 को आंशिक कार्रवाई के आधार पर बंद/वापस ले लिया गया। 31 मार्च 2025 तक अन्य देशों के पास कुल 533 कानूनी नोटिस लंबित थे, जिनमें 276 सीबीआई से संबंधित मामले थे और 257 राज्य पुलिस और अन्य केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संबंधित थे।

### पाकिस्तान में शादी समारोह में आत्मघाती हमला, 6 की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विवाह समारोह उस वक्त मातम में बदल गया, जब आत्मघाती हमले ने खुशियों को दहशत में तब्दील कर दिया। डेरा इस्माइल खान जिले में अमन (पीस) कमेटी प्रमुख नूर आलम महसूद के आवास पर हुए आत्मघाती हमले में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, विस्फोट के बाद हमलावरों की ओर से फायरिंग भी की गई। घायलों को आनन–फानन में नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया, जहां कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। नूर आलम महसूद भी इस हमले में घायल हुए हैं।

# प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी, बदले जाएंगे सभी जिलों के जिलाध्यक्ष



लखनऊ। यूपी कांग्रेस संगठन में बड़े स्तर के बदलाव करने जा रही है। इसके लिए सबसे पहले कांग्रेस के जिलाध्यक्षों को बदला जाएगा। इसके लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। यह पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार, गोवा, नागालैंड, मणिपुर और मेघायल के लिए नियुक्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में नियुक्त 75 पर्यवेक्षक संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। इसमें अमी याग्निक, कुलदीप इंदौरा, संजना जाटव, मोहन मार्कम, सुभाष चोपड़ा आदि शामिल हैं।

**पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी ने समर्थकों संग कांग्रेस से दिया इस्तीफा**

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में लगी कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी ने समर्थकों के साथ शनिवार को कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। उनका कहना है कि अगले सप्ताह नई रणनीति का खुलासा करेंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेताओं को भेजे गए इस्तीफे में पूर्व विधायक फरहत हसन उर्फ हाजी शब्बन, पूर्व विधायक राम जियावन, पूर्व एमएलसी हुस्ना सिद्दकी सहित 73 लोगों के नाम हैं। इसमें पूर्व नगर पालिका व पंचायत अध्यक्ष व लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेता शामिल हैं। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि उनकी कांग्रेस के किसी नेता से शिकायत नहीं है।

## 2026 में फैशन का हिस्सा बन रही हैं स्वेटपैंट जींस, ऐसे कर सकती हैं स्टाइल

स्वेटपैंट जींस एक आरामदायक और स्टाइलिश बॉटम वियर है, जो 2026 में लोकप्रिय हो रही हैं। इस तरह की जींस ढीली–ढाली फिटिंग वाली और चौड़े पैरों वाली होती हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि इन्हें अलग–अलग तरीकों से पहना जा सकता है। इस लेख में हम आपको 5 फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप स्वेटपैंट जींस को स्टाइल कर सकेंगी और हर मौके पर आकर्षक दिख सकेंगी। इन सुझावों से आपका लुक बेहतरीन बनेगा और सभी आपकी तारीफ करेंगे।

**टी–शर्ट के साथ पहनें**

रोजमर्रा के लिए स्वेटपैंट जींस के साथ एक साधारण टी–शर्ट बहुत अच्छी लगती है। आप अपनी पसंद के रंग या डिजाइन वाली टी–शर्ट चुन सकती हैं, जो आपके व्यक्तित्व को उजागर करे। इसे आप आरामदायक जूते या फ्लैट सैंडल के साथ पहन सकती हैं, ताकि आपका लुक पूरा हो सके। सर्दी के मौसम में आप लंबी बाजू वाली टी–शर्ट चुन सकती हैं, जो ठंड से भी बचाएगी। हालांकि, इसके अंदर थर्मल पहनना न भूलें।

**खास मौकों पर ऐसे स्टाइल करें**

खास मौकों पर भी आप स्वेटपैंट जींस को स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए सफेद शर्ट और जैकेट का मेल चुनें। इसके साथ ऊंची एड़ी वाले जूते या बूट्स और हल्के गहनों का मेल बैठाएं। इससे आपका लुक पेशेवर के साथ–साथ आकर्षक भी लगेगा। ट्रेंड के साथ चलने के लिए आप मेहरून रंग की लेदर जैकेट के साथ इस पैंट को पेयर कर सकती हैं। लुक को पूरा करने के लिए शोल्डर बैग भी टांग लें।

**जैकेट के साथ करें पेयर**

सर्दी के मौसम में ठंड से बचने के साथ–साथ स्टाइलिश दिखने के लिए स्वेटपैंट जींस के साथ एक गर्म जैकेट लेयर कर सकती हैं। आप लेदर जैकेट या डेनिम जैकेट चुन सकती हैं, जो जींस के साथ शानदार दिखेंगी। इसके साथ बूट्स और स्कार्फ का मेल बैठाएं, ताकि आपका लुक पूरा हो सके। जैकेट के अंदर एकल रंग वाला हाई नेक स्वेटर या हुडी पेयर कर लें। इससे आपका लुक और आकर्षक लगने लगेगा।

**चमकदार टॉप के साथ करें पेयर**

पार्टी में चमकदार टॉप के साथ स्वेटपैंट जींस पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप चमकदार या धातुई रंग वाला टॉप चुन सकती हैं, जो आपको आकर्षण का केंद्र बना देगा। इसके साथ ऊंची एड़ी वाली सैंडल और हल्के गहने स्टाइल करें, ताकि आपका लुक संतुलित लगे। अगर आपको ठंड से बचना है तो इस आउटफिट के ऊपर एक फर जैकेट भी लेयर कर लें। मेकअप को चमकदार रखें, ताकि आप और खास दिखाई दें।

**कुर्ती के साथ मेल बैठाएं**

पारंपरिक लुक पाने के लिए आप स्वेटपैंट जींस के साथ कुर्ती का मेल भी बैठा सकती हैं। आप किसी भी रंग या प्रिंट वाली कुर्ती चुन सकती हैं, जो ढीली स्वेटपैंट जींस के साथ अच्छी लगे। इस जींस के साथ शार्ट कुर्ती सबसे अच्छी लगेंगी, जो स्लीवलेस हों। इसके साथ पारंपरिक जूती या फ्लैट सैंडल पहनें, ताकि आपका लुक पूरा हो सके। ज्यादा आकर्षक दिखने के लिए बड़े ऑक्सीडाइज्ड झुमके और कड़े पहन लें।

## पफर जैकेट का ध्यान रखने के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके

पफर जैकेट सर्दियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह आपको गर्म रखती है और स्टाइलिश भी दिखती है। हालांकि, अगर आप इस जैकेट की सही तरीके से देखभाल नहीं करते हैं तो यह जल्दी खराब हो सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी पफर जैकेट को लंबे समय तक नया जैसा बनाए रख सकते हैं। इन तरीकों से आपकी जैकेट हमेशा पहनने लायक बनी रहेगी।

**ड्राई क्लीनिंग से बचें**

पफर जैकेट को साफ करने के लिए ड्राई क्लीनिंग न कराएं क्योंकि इससे इसकी भराई खराब हो सकती है और जैकेट अपनी चमक खो सकती है। ड्राई क्लीनिंग के दौरान इस्तेमाल होने वाले रसायन और ज्यादा गर्मी से जैकेट का कपड़ा कमजोर हो सकता है और उसमें दरारें पड़ सकती हैं। इसके बजाय आप घर पर ही हल्के हाथों से हाथ या मशीन से धो सकते हैं, जिससे आपकी पफर जैकेट सुरक्षित रहेगी।

**ठंडे पानी का करें इस्तेमाल**

पफर जैकेट को धोते समय गर्म पानी का उपयोग न करें क्योंकि इससे भी इसकी भराई पर बुरा असर पड़ सकता है। गर्म पानी से कपड़े के धागों पर बुरा असर पड़ता है और वे कमजोर हो जाते हैं। हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें ताकि आपकी पफर जैकेट की भराई सुरक्षित रहे और वह लंबे समय तक नई जैसी बनी रहे। ठंडे पानी से धोने से जैकेट की चमक भी बनी रहती है और उसमें कोई नुकसान नहीं होता।

**डिटर्जेंट का सही चयन करें**

पफर जैकेट को धोते समय सही डिटर्जेंट का चयन करना बहुत जरूरी है। ऐसे डिटर्जेंट का उपयोग करें जो नाजुक कपड़ों के लिए बने हों। कठोर डिटर्जेंट से आपकी पफर जैकेट की भराई पर बुरा असर पड़ सकता है और वह जल्दी खराब हो सकती है। नाजुक कपड़ों के लिए बने डिटर्जेंट न केवल आपकी पफर जैकेट को साफ करेंगे बल्कि उसकी चमक को भी बनाए रखेंगे। इससे आपकी पफर जैकेट लंबे समय तक नई जैसी बनी रहेगी।

**सुखाने का तरीका अपनाएं**

जैकेट को धोने के बाद उसे सही तरीके से सुखाना भी बहुत अहम है। पफर जैकेट को सीधा सुखाने की बजाय हवादार जगह पर लटकाकर सुखाएं ताकि उसमें मौजूद नमी पूरी तरह से निकल जाए।

# कांग्रेस को असम से बहुत उम्मीदें

**कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस ने इस बार बदरूद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एआईयूडीएफ से तालमेल नहीं किया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अजमल की पार्टी के लिए 20 सीटें छोड़ी थीं। पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस ने अजमल और मोहिलारी की पार्टी को 32 सीटें दी थीं और खुद 95 सीटों पर लड़ी थी। इस बार ये दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ नहीं हैं।**

अजीत द्विवेदी

अप्रैल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, जिनमें से दो राज्य कांग्रेस की उम्मीदों के प्रदेश हैं। कांग्रेस को केरल और उसके साथ साथ असम से बहुत उम्मीदें हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि 10 साल की सत्ता ने प्रदेश में भाजपा को अलोकप्रिय बनाया है और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भड़काऊभाषणों व विभाजनकारी राजनीति से लोग ऊबे हुए हैं। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? यह सही है कि 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है और संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए से भी असम के लोगों में नाराजगी है। फिर भी पिछले दो चुनावों से जिस स्तर का ध्रुवीकरण हो रहा है वह कांग्रेस के लिए चुनौती है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने बदरूद्दीन अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया है। इससे ध्रुवीकरण की संभावना थोड़ी कम हुई है।

बहरहाल, पहले सीएए की बात करते हैं। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए पर अमल इसलिए रोक दिया था क्योंकि असम में उसको इसके नुकसान का अंदाजा हो गया था। गौरतलब है कि सीएए का कानून 2019 में पास किया गया लेकिन उसे लागू करने के नियम नहीं बनाए गए। 2021 के चुनाव में भाजपा को इसका असम में फायदा हुआ और पश्चिम बंगाल में थोड़ा नुकसान हुआ। अब पश्चिम बंगाल में फायदे के लिए उसने सीएए लागू कर दिया लेकिन हो सकता है कि असम में इसका नुकसान हो। असम में यह धारणा बनी है कि सीएए से बांग्ला बोलने वाली आबादी बढ़ जाएगी और असमिया भाषा व संस्कृति कमजोर होगी।

कांग्रेस के नेता और मुख्यमंत्री पद के अघोषित दावेदार गौरव गोगोई अहोम वंश से जुड़े हैं और असमिया भाषा और संस्कृति के मुद्दे उठाते रहते हैं। साथ ही कांग्रेस ने भाषा व संस्कृति के आधार पर सीएए का विरोध करने वाले समूहों द्वारा बनाई गई पार्टियों से तालमेल किया है। वह भाजपा के धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण के मुकाबले भाषा और अस्मिता के आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस ने इस बार बदरूद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एआईयूडीएफ से तालमेल नहीं किया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अजमल की पार्टी के लिए 20 सीटें छोड़ी थीं।

पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस ने अजमल और मोहिलारी की पार्टी को 32 सीटें दी थीं और खुद 95 सीटों पर लड़ी थी। इस बार ये दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस ने अलग अलग जातीय समूहों में असर रखने वाली छोटी पार्टियों के साथ अपना गठबंधन किया है।

कांग्रेस ने पिछली बार महाजोत बनाया था, जिसमें एआईयूडीएफ, बीपीएफ के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल, तीन कम्युनिस्ट पार्टियां और एक अन्य दल शामिल था। इस बार कांग्रेस ने असोम सम्मिलितो मोर्चा बनाया है। इसमें कांग्रेस के अलावा पहले की तरह सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले शामिल है। पिछली बार यूआरएफ बना कर अलग चुनाव लड़ी दो स्थानीय पार्टियों लुरिनजोत गोगोई की असम जातीयता परिषद और अखिल गोगोई की रायजोर दल से इस बार कांग्रेस ने तालमेल किया है। इनके अलावा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस से भी कांग्रेस ने तालमेल किया है। यूपीपीएल और बीपीएफ के नहीं होने से हिल एरिया के लिए कांग्रेस को एक पार्टी की जरुरत थी। सात पार्टियों का सम्मिलित मोर्चा भले पिछली बार के मुकाबले कमजोर दिख रहा है लेकिन जमीनी असर और नैरेटिव के मामले में इस मोर्चे ने चुनाव से पहले भाजपा को कड़ी टक्कर देने का संकेत दिया है।

अब अगर पिछले चुनाव की बात करें तो एनडीए और महाजोत के बीच बेहद करीबी मुकाबला हुआ था। एनडीए को 44.51 फीसदी वोट मिला था तो महाजोत को 43.68 फीसदी वोट मिला था। यानी अंतर एक फीसदी से भी कम था। हालांकि सीटों में बड़ा अंतर आ गया था। यह भारत की 'फर्स्ट पास्ट द पोस्टइ सिस्टम की अंतर्निहित खामी है। 44.51 फीसदी वोट पर एनडीए को 75 यानी 59.5 फीसदी सीटें मिलीं। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला महाजोत 43.68 फीसदी वोट लेकर 50 यानी 39.7 फीसदी सीटें जीत सका। महाजोत का असली फायदा अजमल की पार्टी को मिला, जो 20 सीटों पर लड़ कर नौ फीसदी वोट लाई और 16 सीटें जीत गई।

मोहिलारी की पार्टी 3.39 फीसदी वोट लेकर तीन ही सीट जीत पाई और कांग्रेस 29 फीसदी वोट लेकर 29 सीट जीत पाई। वोट का यह ट्रेंड थोड़े बहुत अंतर के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में भी बना रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी और कांग्रेस को 40 फीसदी के करीब वोट मिले। लोकसभा चुनाव गौरव गोगोई की कमान में लड़ा गया था। उनकी कोलियाबोर सीट परिसीमन में समाप्त हो गई तो वे जोरहाट सीट से लड़े और चुनाव जीते। कांग्रेस को तीन ही सीट मिली, लेकिन सबसे बड़ी बात यह थी कि कांग्रेस के रकिबुल हसन ने बदरूद्दीन अजमल को 10 लाख से ज्यादा वोट से हरा दिया।

कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि मुस्लिम वैसे भी कांग्रेस के साथ हैं इसलिए उसने अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया। कांग्रेस यह भी मानती है कि इससे भाजपा को ध्रुवीकरण कराने का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि अजमल की पार्टी अपने असर वाले इलाके खास कर धुबरी, बारपेटा, करीमगंज आदि में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। लेकिन कांग्रेस को यह भी पता है कि जीतने के बाद अजमल के भाजपा के साथ जाने की संभावना नहीं है। यानी जरुरत पड़ने पर वे कांग्रेस के साथ देंगे। सांप्रदायिक विभाजन रोकने के लिए कांग्रेस असम के स्थानीय समूहों में पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है। रायजोर दल और असम जातीयता परिषद से उसको इसका लाभ मिलेगा। दूसरे गौरव गोगोई की वजह से कांग्रेस को एक एडवांटेज मिला हुआ है।



तभी हिमंत बिस्वा सरमा ने गोरव गोगोई को निशाना बनाया है। वे उनकी पत्नी को लेकर हमले कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि गौरव गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से रिश्ता है। वे पाकिस्तानी एनजीओ के लिए काम कर चुकी हैं और उनका बार बार पाकिस्तान आना जाना हुआ है। हालांकि गौरव गोगोई पर इस तरह के निजी हमले से भाजपा को नुकसान हो सकता है। उनके अलावा सरमा का मुख्य मुद्दा घुसपैठ का है। वे लगातार घुसपैठियों को बाहर निकालने के दावे कर रहे हैं। अमित शाह ने भी घुसपैठियों को बाहर निकालने और भारत की जमीन खाली कराने के लिए सरमा की तारीफ की है। अपने कामकाज और उपलब्धियों की बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के मुद्दे, मियां मुस्लिम को बाहर निकालने, घुसपैठियों की पहचान करने या पाकिस्तान के नाम पर गौरव गोगोई को निशाना बनाने जैसे तमाम मुद्दे निगेटिव प्रचार वाले हैं।

इसी तरह के प्रचार सरमा ने झारखंड चुनाव में सह प्रभारी के तौर पर किया था और भाजपा बुरी तरह से हारी थी। खुद हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि असम में मुस्लिम आबादी 34 फीसदी है। इसका मतलब है कि भाजपा को जीतने के लिए 66 फीसदी हिंदू आबादी में से 70 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना होगा। पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव से भाजपा इसमें कामयाब होती रही है। लेकिन इस बार रास्ता आसान नहीं है। असमिया संस्कृति का मुद्दा कांग्रेस और उसकी सहयोगियों ने बनाया है तो देश के अलग अलग हिस्सों में भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों पर हुए हमले का मुद्दा भी है। हिंदी भाषी लोगों की भी अपनी समस्याए हैं। तभी कांग्रेस ने भी उम्मीद लगाई है।

# दोस्ती की बातें महज रस्म—अदायगी

पैक्स सिलिका का मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला, जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसको लेकर अभी कई अस्पष्टताएं हैं।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली पहुंचने पर भारत को जो 'उपहारइ दिया, वह एक सांत्वना पुरस्कार ही है। राजदूतों का काम संबंधित देश में अपने मुल्क के लिए सद्भावना निर्मित करना भी होता है, तो गोर ने भारतीय कानों को सुहावनी लगने वाली बातें कहीं। साथ ही एलान किया कि भारत को अगले महीने पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नौ देशों को शामिल करते हुए इस गठबंधन का एलान किया, तो उससे भारत में मायूसी का माहौल बना था। ट्रंप ने उसमें अपने देश के अलावा क्वॉड के दो सदस्य देशों– जापान एवं ऑस्ट्रेलिया को शामिल किया।

साथ ही आई2यू2 समूह के देशों इजराइल और यूएई को भी उसमें रखा। मगर इन दोनों समूहों के सदस्य भारत को उससे बाहर रखा गया। इन देशों के अलावा दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्रिटेन और नीदरलैंड्स इसके बाकी सदस्य हैं। इसका मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के मामलों में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसमें निवेश और जिसकी कार्य प्रणाली को लेकर अभी तमाम किस्म की अस्पष्टताएं हैं। अब ट्रंप ने अपने राजदूत के जरिए इसकी सदस्यता का उपहार भारत को भेजा है। मगर इस समूह की परिकल्पना भारत की जरूरतों के हिसाब से नहीं की गई है।

हकीकत यह है कि जो सप्लाई चेन ट्रंप चाहते हैं, उसकी तुरंत आवश्यकता अमेरिका को है। रेयर अर्थ खनिजों के क्षेत्र में निर्भरता के कारण उन्हें चीन के खिलाफ सख्त व्यापारिक कार्रवाइयां वापस लेनी पड़ी हैं। इसलिए वे अपने "सहयोगी" देशों की मदद से चीन पर निर्भरता घटाना चाहते हैं।

जबकि भारत की फौरी जरूरत अमेरिका के साथ अनुकूल व्यापार समझौता है। उसमें मामला जहां का तहां अटका हुआ है। इस बारे में गोर ने इतना भर बताया कि वार्ता जारी है। इस बीच ट्रंप ने ईरान से कारोबार करने वाले देशों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। उससे भारत भी प्रभावित होगा। स्पष्टतः ऐसे कदमों के साथ दोस्ती की बातें महज रस्म–अदायगी नजर आती हैं।

## रोने से कुछ हासिल नहीं होगा

पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि चीन ने गैर–बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है। इस कारण वहां के उद्योग–धंधों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। मगर हल क्या है?साल 2025 में चीन से व्यापार में भारत का घाटा रिकॉर्ड 116.12 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। चीन सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बीते साल भारत का निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़ते हुए 19.75 बिलियन डॉलर पहुंच गया, लेकिन चीन से आयात 12.8 फीसदी बढ़ कर 135.87 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा। 2024 में चीन से भारत का व्यापार घाटा 99 बिलियन डॉलर था। इन आंकड़ों ने देश में फिर बेचैनी पैदा की है। मगर ऐसा नहीं लगता कि इसकी बुनियादी वजहों पर कोई ऐसी ठोस चर्चा होगी, जिससे समाधान की तरफ बढ़ने में मदद मिले।ऐसी चर्चा के लिए चीन की निर्यात क्षमता के गंभीर आकलन की जरूरत होगी। 2025 में चीन ने 1.2 ट्रिलियन डॉलर का व्यापार लाभ कमाया, जो ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। ऐसा अमेरिका के लिए निर्यात में 20 प्रतिशत गिरावट के बावजूद हुआ। उसने यूरोप, अफ्रीका, आसियान समूह और भारत जैसे देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात बढ़ाने में कामयाबी पा ली। इस तरह उसने अपनी अर्थव्यवस्था को अमेरिका के व्यापार युद्ध से अप्रभावित बनाए रखा है। पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने इसका कारण उसकी अत्यधिक उत्पादन क्षमता एवं देश के अंदर कम उपभोग को बताया है। कहा है कि चीन ने गैर–बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है।

# दो दीवाने सहर में का टीजर हुआ रिलीज



जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में का शानदार टीजर रिलीज हो चुका है, जिसे देख आपको पुरानी फिल्मों की लव स्टोरी याद आ जाएगी। इस अनोखे रोमांटिक ड्रामा का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है और यह एक ऐसी प्रेम कहानी है जो कई रोमांटिक और इमोशनल पलों से भरपूर है, जहां पहले लुक ने हमें दो अधूरे लोगों के बीच की एक परफेक्ट लव स्टोरी दिखाई है तो वहीं टीजर एक ऐसे मॉडर्न रोमांस की भी झलक पेश की, जो बहुत ही खूबसूरत है। एक अच्छी पुरानी रोमांटिक फिल्म दर्शकों को इम्प्रेस करने में कभी फेल नहीं होती और शायद ये फिल्म भी सभी को पसंद आए।डायरेक्टर रवि उदयावर इस वैलेंटाइन्स डे पर दो दीवाने सहर में लेकर आ रहे हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर अपनी आने वाली इम्परफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी से दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दो दीवाने सहर में के टीजर की शुरुआत एक सीधे–सादे, शर्मीले लड़के शशांक से होती है, जो रोशनी के घर पर उनके माता–पिता के साथ बैठा है। ऐसा लगता है कि वह अरेंज मैरिज के जरिए अपनी होने वाली दुल्हन से मिलने आया है, लेकिन रोशनी अपने होने वाले पति और घर के इस फॉर्मल माहौल को देखकर खुश हो जाती है। निर्माताओं ने वीडियो शेयर कर लिखा, क्योंकि हर इश्क परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। गवाह इस शहर की एक अपूर्ण परफेक्ट प्रेम कहानी।

## वेंकटेश और त्रिविक्रम की फिल्म आदर्श कुटुंबम की रिलीज़ डेट आगे बढ़ी

विक्ट्री वेंकटेश, हरिका हसीन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म आदर्श कुटुंबम इनटू नंबर 47 के लिए डायरेक्टर त्रिविक्रम के साथ काम कर रहे हैं। हिट फिल्म संक्रांति की वस्थुन्नम के बाद फैंस इस पावरफुल जोड़ी से और भी ज़्यादा उम्मीदें लगाए बैठे हैं। त्रिविक्रम, जिन्होंने वेंकटेश की पिछली हिट फिल्में नुव्वु नाकु नच्चाव और मल्लेश्वरी की स्क्रिप्ट लिखी थी, इस प्रोजेक्ट को बड़ी उम्मीदों के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है, जिसका मकसद शुरू में 2026 की गर्मियों में रिलीज़ करना था। लेकिन इंडस्ट्री में चल रही खबरों के मुताबिक, इसमें बदलाव हो सकता है और दशहरा 2026 की रिलीज़ ज़्यादा बेहतर हो सकती है, जिससे फेस्टिव फैमिली ऑडियंस को टारगेट किया जा सके। प्रभास की फौजी भी 2026 के आखिर में रिलीज़ होने वाली है, इसलिए ट्रेड सूत्रों का मानना है कि आदर्श कुटुंबम के लिए दशहरा एक सुरक्षित दांव हो सकता है।केजीएफ एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी, वेंकटेश के साथ जोड़ी बना रही हैं, और हिट 3 और तेलुसु कदा जैसी अपनी तेलुगु फिल्मों से एक्साइटमेंट बढ़ा रही हैं।

# दूसरे टी20 मैच में बने पांच वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत ने तोड़ा पाकिस्तान का ये बड़ा रिकॉर्ड

रायपुर,भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच रायपुर में खेला गया. न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 20 में 6 विकेट पर 208 रन बनाने में सफल रही. जवाब में भारतीय टीम ने ईशान किशन के 32 गेंद में 76 रन और कप्तान सूर्यकुमार के 37 गेंद में नाबाद 82 रनों की बदौलत रिकॉर्ड 209 रन केवल 15.2 ओवर में चेस करके इतिहास रच दिया और सीरीज में 2–0 की बढ़त भी बना ली. शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एक नहीं बल्कि कुल पांच रिकॉर्ड भी बने. सबसे पहले तो ये भारतीय टीम का टी20 में संयुक्त रूप से सबसे बड़ा सफल रन चेस बन गया. इससे पहले टीम इंडिया ने 2023 में विशाखापट्टनम में 209 रन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेस किया था.



जबकि इनका दूसरा सबसे सफल रन चेस 208 रनों का है, जो उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हैदराबाद में हासिल किया था. इसके अलावा भारतीय टीम अब टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 200 प्लस रन चेस करने वाली टीम बन गई है. उन्होंने पाकिस्तान के उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जो उन्होंने 2025 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ 24 रन शेष रहते हुए 205 रन चेस करके बनाया था. जबकि भारतीय टीम ने 28 गेंद शेष रहते हुए 209 रन चेस कर लिए.ये छठा मौका था जब भारतीय टीम ने 200 प्लस के टारगेट को सफलतापूर्वक चेस किया हो. इस मामले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया है. जो ये कारनामा पांच बार अंजाम दे चुकी है. सबसे ज्यादा बार ये उपलब्धि हासिल करने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया है, जो कि सात बार ऐसा कर चुकी है.

भारत का 6 या उससे कम रन पर 2 विकेट गिरने के बाद सफलतापूर्वक 209 चेस कर लेना, अब तक का सबसे बड़ा रन चेस है. इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था, जिन्होंने 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में 4 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद 194 रन चेस कर लिए थे. मैच में जैक फाउल्क्स की सबसे ज्यादा धुलाई हुई और उन्होंने तीन ओवर में बिना कोई विकेट लिए 67 रन लुटा दिए. जो कि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में न्यूजीलैंड के किसी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं.

# अजय देवगन ने दिखाई एआई निर्मित बाल तन्हाजी की पहली झलक

अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसगझ् वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तन्हाजीझ् की घोषणा की है।2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तन्हाजीः द अनसंग वॉरियरझ् की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तन्हाजीझ् इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी। यह एक एआई फिल्म होगी। यह कहानी को एक ऐसी पीढ़ी के लिए नए सिरे से प्रस्तुत करेगी, जो सिनेमाघरों से परे कहानियों में रुचि रखती है।इस मौके पर अजय देवगन ने कहा कि यह फिल्म स्टूडियो के भविष्य के लिए तैयार प्रोजेक्ट्स के निर्माण की दिशा में पहली शुरुआत है। लेंस वॉल्ट स्टूडियो की स्थापना कहानी कहने की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए की गई थी। हमारा ध्यान उन फॉर्मेट और मीडियम पर है, जो अभी तक काफी हद तक अनछुए हैं। बाल तन्हाजी भविष्य के लिए तैयार कंटेंट निर्माण की इस यात्रा की शुरुआत है।साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियरझ् का निर्देशन ओम राउत ने किया है। जबकि फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 17वीं सदी के मराठा योद्धा सूबेदार तानाजी मालुसरे की कहानी पर आधारित है।



## आक्रामक खेलना रोहित भाई से सीखा... अभिषेक शर्मा ने वर्ल्ड कप की तैयारी पर बोली बड़ी बात

नईदिल्ली,। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. वो इस समय टी20 क्रिकेट के नंबर वन बल्लेबाज हैं. उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज के पहले मैच में 35 गेंद पर 84 रन बनाकर अपना इरादा साफ जाहिर कर दिया. वो शुरू से ही आक्रामक खेलकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाते हैं और रन रेट को इतना ऊपर कर देते है कि आने वाले खिलाड़ी को सेट होने में कोई प्रॉब्लम नहीं होती है.

अभिषेक शर्मा भारतीय टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड का भी हिस्सा हैं और वो उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जो अपना पहला आईसीसी वर्ल्ड कप खेलेंगे. जिनमें तिलक वर्मा, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर, और ईशान किशन का नाम शामिल है. इन पांचों खिलाड़ियों में अभिषेक शर्मा भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं.

# पाकिस्तान ने टी20 का किया ऐलान

लाहौर (पाकिस्तान),पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. ये सीरीज 29 जनवरी को गद्दाफी स्टेडियम में शुरू होगी, जो दोनों टीमों के लिए टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए अहम सीरीज समझी जा रही है.



पाकिस्तान की टीम में दो बड़े खिलाड़ी बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी टीम में वापस आ गए हैं, जो जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से बाहर थे. टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी ऑलराउंडर सलमान अली आगा के कंधों पर ही है.

बाबर मौजूदा बीबीएल सीजन में रनों के लिए संघर्ष कर रहे थे. उन्होंने 11 मैचों में सिर्फ 202 रन बनाए. उनका 103.06 का कम स्ट्राइक रेट टीम के लिए चिंता का विषय था. उन्होंने प्लेआ-ॅफ से पहले अपनी नेशनल टीम में शामिल होने के लिए अपनी फ्रैंचाइजी छोड़ दी. उन्हें उम्मीद है कि वे घर पर खेलकर अपनी किस्मत बदलेंगे.

पाकिस्तान की बैटिंग लाइनअप मजबूत है, जिसमें फखर जमान, साइम अयूब और साहिबजादा फरहान जैसे खिलाड़ी हैं, जो अच्छी फॉर्म में हैं. विकेटकीपर–बैटर मोहम्मद रिजवान को फिर से नजरअंदाज किया गया है, जिसकी वजह से उनका टी20 इंटरनेशनल करियर खत्म होने के कगार पर है.

शादाब खान पिछली टी20 सीरीज में अपनी वापसी को जारी रखेंगे और अबरार अहमद, मोहम्मद नवाज और उस्मान तारिक के साथ एक मजबूत स्पिन–बॉलिंग टीम का हिस्सा बनेंगे. जबकि शाहीन, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर तेज बॉलिंग अटैक को लीड करेंगे.

